nandgaon times sep--15-03.qxd 9/14/2024 10:56 PM Page 1

खड़गांव में आयोजित जिला स्तरीय... पृष्ठ 2 | शासन की नीतियों में प्रमुखता से शामिल है... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


रविवार, 15 सितंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 332, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने हिन्दी दिवस पर की बड़ी घोषणा

## राज्य के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में हिन्दी में भी होगी पढ़ाई

### इसी शैक्षणिक सत्र से एमबीबीएस की पढ़ाई की सुविधा हिंदी में भी होगी उपलब्ध, ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को मिलेगा लाभ



**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने हिन्दी दिवस पर बड़ी घोषणा करते हुए राज्य के सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में हिन्दी में भी पढ़ाई शुरू करने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने राजधानी स्थित अपने निवास कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया है कि एमबीबीएस की पढ़ाई की व्यवस्था भी हम हिंदी में करेंगे। इस साल के प्रथम सत्र 2024-25 में एमबीबीएस की पढ़ाई की सुविधा हिंदी में भी उपलब्ध होगी। इसके लिए छात्र छात्राओं की संख्या अनुरूप आवश्यक पुस्तक उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिंदी दिवस की सार्थकता इस बात में है कि हम शासन प्रशासन और शिक्षा के हर स्तर पर हिंदी को लागू करें, हिंदी को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा हमें इस बात की खुशी है कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2022 को उत्तरप्रदेश के उन्नाव की रैली में हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने की मंशा जाहिर की थी, हम उसका क्रियान्वयन करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय हैं। हिंदी में चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने का सबसे अधिक लाभ हमारे ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को होगा जो अधिकतर हिंदी मीडियम से होते हैं जो प्रतिभाशाली होते हैं लेकिन अंग्रेजी की वजह से उन्हें चिकित्सा पाठ्यक्रम में कुछ दिक्कत आती है। अब यह दिक्कत दूर हो जाएगी। इससे चिकित्सा छात्र छात्राओं का आधार भी मजबूत होगा और अच्छे चिकित्सक तैयार करने में इससे अधिक मदद मिलेगी। मातृभाषा में शिक्षा दिए जाने का यह सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि इससे विषय की बारीक समझ बनती है। इसे हम छत्तीसगढ़ में हर स्तर पर कार्यान्वित करने के लिए कृत संकल्पित हैं। मेडिकल कॉलेजों में इस वर्ष से ही एमबीबीएस की पढ़ाई हिंदी में करने का विकल्प लागू किया जा रहा है। साय ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू हो चुकी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो निर्णय लिया था वह हिंदी के विकास में अहम है। छत्तीसगढ़ में इस दिशा में हम प्राथमिकता से काम कर रहे हैं। सरकार का सभी काम-काज हिंदी में हो इस पर जोर दिया जा रहा है। हिंदी की पढ़ाई होने से डाक्टरों और मरीजों के बीच इससे संवाद भी अच्छा होगा। अंग्रेजी का डर भी खत्म होगा। आने वाले समय में हिंदी में ही डाक्टर पर्ची भी लिख सकेंगे। पत्रकार वार्ता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज झा मौजूद रहे।

## आजादी के बाद से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर जम्मू-कश्मीरः पीएम मोदी



**जम्मू।** विधानसभा चुनाव की तारीखों के करीब आने के साथ ही चुनाव प्रचार का दौर तेज हो गया है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां डोडा में एक जनसभा को संबोधित किया करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर शुरू से ही विदेशी ताकतों के निशाने पर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इस बार का चुनाव, जम्मू-कश्मीर का भाग्य तय करने वाला है। आजादी के बाद से ही हमारा प्यारा जम्मू-कश्मीर विदेशी ताकतों के निशाने पर आ गया। इसके बाद इस खूबसूरत राज्य को परिवारवाद ने खोखला करना शुरू कर दिया। यहां जिन राजनीतिक दलों पर आपने भरोसा किया, उन्होंने आपके बच्चों की चिंता नहीं की। जम्मू-कश्मीर के मेरे नौजवान आतंकवाद में पिसते रहे और परिवारवाद को आगे बढ़ाने वाली पार्टियां आपको गुमराह कर मौज काटती रहीं। उन्होंने कहा, जम्मू-कश्मीर की जनता ने आतंकवाद और अलगाववाद के कारण बहुत कुछ सहा। लेकिन हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए काम किया और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की। हमारी सरकार ने जम्मू-कश्मीर को विकास की राह पर लाने के लिए काम किया। हमने जम्मू-कश्मीर में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा की व्यवस्था की। जम्मू कश्मीर में रहने वाला कोई भी व्यक्ति, चाहे वो किसी भी मजहब का हो, किसी भी वर्ग का हो, उसके हर अधिकार की रक्षा भाजपा की प्राथमिकता और मोदी की गारंटी है। जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने का काम भी भाजपा सरकार ही करेगी। लेकिन आपको ऐसे लोगों से सावधान रहना है, जो अपने स्वार्थ के लिए आपका अधिकार छीनते रहे हैं। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं।

## दिल्ली में केजरीवाल को जमानत राजनांदगांव में जश्न

### आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में झूम उठे समर्थक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लंबे समय से जेल में निरुध दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़े संघर्ष के बाद आज जमानत मिलने पर राजनंदगांव शहर में जश्न का माहौल बन गया है। यहां आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेश तिवारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र होकर पटाखे फोडे और मिठाइयां बाटी खुशी से झूमते हुए पार्टी के टोपी लगाए और झंडा लहराये। इस अवसर पर जेल के ताले टूट गए केजरीवाल छूट गए का नारा बुलंद किया। आम आदमी पार्टी के इस जश्न को देखने काफी देर तक आम राहगीरों की भीड़ लगी रही। लोगों में यही चर्चा रही की दिल्ली के साफसुथरी छवि के मुख्यमंत्री श्री केजरीवाल को बुरा फसाया गया था। इस खुशी के मौके पर श्री तिवारी ने शहर, जिला और प्रदेश के लोगों को गणेश चतुर्थी की बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष भूपेश तिवारी के साथ कोषाध्यक्ष अशोक चौबे, कार्यकर्ता सर्वजीत सिंह भाटिया, रमेश यादव सहित आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीज महोत्सव मनाकर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के जख्म पर नमक छिड़का - मधु





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व मुख्यमंत्री बघेल सहित कांग्रेसियों के द्वारा बाढ़ पीड़ित वार्ड मोहड़ में तीजा महोत्सव मनाने के कृत्य को पूर्व सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव ने संवेदनहीनता और बेशर्मी की पराकाष्ठा करार दिया है। उन्होंने बाढ़ पीड़ित वार्ड में तीजा त्यौहार मनाने वाले कांग्रेसी नेताओं के कृत्य को आपदा पीड़ित ग्रामीणों के जख्मों पर नमक छिड़कने का कार्य बताया है। राजनांदगॉव के 15 से अधिक ग्राम बाढ़ से पीड़ित रहे, जहां रहने, सोने की परेशानी तो दूर ग्रामीणों के घरों में तीन दिन चूल्हा तक नहीं जला, जिसकी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने चिन्ता करते हुए बाढ़ पीड़ित ग्रामों का दौरा कर तत्काल राहत उपलब्ध करायी। उन्होंने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जरूरतमंदों एवं आपदा प्रभावित जनता के लिए भोजन की थाली सहित खाद्य सामग्री कै पैकेट, पेयजल की आपूर्ति कराकर प्रभावितों को हुए नुकसान की भरपायी हेतु सर्वे व तत्कालिक राहत के निर्देश कलेक्टर व संबंधित अधिकारियों को दिये। वहीं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित शहर कांग्रेस के पदाधिकारी बाढ़ पीड़ितों के क्षेत्र में तीजा उत्सव मनाकर उनकी छाती पर मूंग दलने का काम करते रहे। जिम्मेदार पदों पर बैठे कांग्रेसी नेताओं को फुर्सत नहीं थी कि एक भी बाढ़ पीड़ित वार्डो और ग्रामों में जाकर उनका दुखड़ा सुन सके। आश्चर्य है कि बाढ़ पीड़ित मोहड़ वार्ड में वे तीजा का त्यौहार कैसे मना सके हैं ? कांग्रेसी और ठगेश जी ने च्च्रोम जल रहा था और नीरो बंशी बजा रहा थाच्च् कहावत को राजनांदगांव में चरितार्थ किया है। पूर्व सांसद ने तंज कसते हुए कहा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि विधानसभा और लोकसभा में राजनांदगॉव की जनता द्वारा कांग्रेस को सिखाए गए सबक में कुछ कसर रह गयी है, जिसकी भरपाई वे आगामी नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में राजनांदगॉव की जनता से करवाने की तैयारी कर रहे हैं।

## डॉ. रमन सिंह से पेन्ड्री वार्ड 20 की समस्याओं की निराकरण की माँग - वैष्णव



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड क्रमांक-20 पेन्ड्री में वार्ड की विभिन्न समस्याओं विद्यमान है, जिनकी निराकरण एवं स्वीकृति राशि प्रदान करने हेतु निम्न माँग पत्र मान. डॉ. रमन सिंह विधायक को एक पत्र के माध्यम से पत्र प्रेषित की गई पूर्व में भी डॉ. रमन सिंह जी को वार्ड की समस्याओं का अगवत कराते आ रहे है तथा संबंधित अधिकारी को भी पत्र प्रेषित करते आ रहे है लेकिन समस्या यथावत बना हुआ है। जिससे वार्ड वासी परेशान है। मान रमन सिंह जी को निम्न माँगे 1. जी.ई. रोड़ से डबरी तालाब तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण)2. गौठान से पशु औषधालय तक सी.सी.रोड़ एवं नाली निर्माण (कांकरेटी करण)3. परमेश्वर दास वैष्णव के घर से परदेशी साहू के घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण आबादी पारा)4. खेम यादव के घर से द्वारका साहू के घर तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण आबादी पारा)5. शिवराम साहू के घर से आंगनबाड़ी केन्द्र क्र-2 तक सी.सी.रोड़ (कांकरेटी करण)6. डबरीतालाब एवं बाँधा तालाब की सौंदर्यीकरण 7. शीतला मंदिर में आहता निर्माण 8. सामुदायिक मंगल भवन निर्माण एवं मानस भवन जीर्णोद्धार करने 9. जी.ई.रोड़ जयस्तंभ चौक में मुख्य द्वार एवं हाई मास लाईट लगाने 10. गौठान एवं मुक्तिधाम में आहता निर्माण11. आबादी पारा गली नं.3-4 में पाईप लाईन विस्तार किया जायें।

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ के किशुन देवांगन निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सहकारी समिति कर्मचानी संघ राजनांदगांव के नवीन पदाधिकारियों का निववांचन 13 सितंबर 2024 को सम्पन्न हुआ। श्री किशुन देवांगन (गठुला) कर्मचारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष एवं श्री प्रकाश भैसारे (सीतागोटा) सचिवपद पर निर्वाचित हुये। निर्वाचन कार्यक्रम संघ के निवृतमान अध्यक्ष श्री ईश्वर श्रीवास द्वारा नवीन निर्वाचन की घोषणा के पश्चात निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित लाल उड़?सेना एवं सहायक निवचिन अधिकारी अवधराम साहू एवं श्री संदीप कुमार साहू द्वारा विधिवत निर्वाचन की कार्यवाही प्रारंभ की गयी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा विभिन्न पदों हेत्तु नाम आमंत्रित किये गये। उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से निम्न पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष श्री किशुन रेवांगन (गहुला), उपाध्यक्ष श्री जितेन्द्र चन्द्राकर (सूरगी) एवं श्री संतोष साहू (खुसौरिखुल) महिला उपाध्यक्ष श्रीमती बसंती साहू (गठुला), कोषाध्यक्ष श्री रेखा राम साहू (भानपुरी), सचिन श्री प्रकाश भैंसारे (सीवगगोटा), सहसचिव श्री दिलीप शर्मा (दिवानभेडी) संगठन मंत्री श्रीमती अंजू पटेल (तुमड़ीबोर्ड) आदि शामिल है। श्री किशुन देवांगन पूर्व में भी अविभाजित राजनांदगांव जिले के सफ्लतापूर्वक अध्यक्ष पद पर कार्य कर चुके है। उन्होंने निर्वाचन पश्चात समस्त कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुये कर्मचारी हित में कार्य करने हेतु करने को प्रतिबद्ध व्यक्त की है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया गया



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर डोंगरगढ़ में पर्युषण महापर्व कि धूम मची है 7 दिनांक 13/09/2024 को एक कार्यक्रम का आयोगन श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के तत्वाधान में किया गया जिसमे दिगम्बर जैन मेधावी छात्र एवं छात्राओं को जिन्होंने दसवी एवं बारहवी में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया है - कु. आर्या जैन एवं आदि जैन को श्रीफ्ल, साल, तिलक लगाकर एवं मोमेंटों प्रदान कर उनका सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि गयी 7 इसी प्रकार जिन बच्चों ने उपनयन संस्कार शिविर में सम्मिलित हुए थे उनको भी तिलक लगाकर, गिफ्ट एवं मैडल भेंट कर उनका सम्मान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य कि कामना कि गयी 7 इसी तारतम्य में श्रीमती आशा बिरेन्द्र जैन को चौका शिरोमणि कि उपाधि से नवाज़ा गया और उनको तिलक लगाकर, श्रीफ्ल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया 7 इन्होने आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के आशीर्वाद से अपनी दो बेटियों नेहा दीदी एवं शुभी दीदी जो कि आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत, प्रतिभास्थली एवं हाथ करघा में अपनी सेवा प्रदान कर रही है 7 श्रीमती आशा बिरेन्द्र जैन के द्वारा जब भी कोई साधू या साध्वी चंद्रगिरी या डोंगरगढ़ में आते हैं तो इनके द्वारा प्रतिदिन चौका लगाया जाता है और बहुत सारे स्वादिष्ट व्यंजन बनाने में भी काफी मशहूर हैं 7 श्रीमती शालिनी नीरज जैन को बच्चों को पाठशाला पढ़ाने एवं मंदिर जी और शास्त्रों कि सेवा करने के लिये तिलक लगाकर, श्रीफ्ल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया 7 स्वर्गीय श्री दिलीप जैन कि धर्म पत्नी त्रिशला जैन को उनके पति द्वारा भगवान कि आरती एवं शोभा यात्रा में 50 वर्षों से उत्कृष्ट तबला वादन के लिये तिलक लगाकर, श्रीफ्ल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया 7 श्री प्रखर जैन को क्कस्ट श्व3ड्डद्ब पास करने एवं अधिकारी पद प्राप्त करने पर तिलक लगाकर, श्रीफ्ल एवं साल भेंट कर सम्मान किया गया 7 श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति डोंगरगढ़ के अध्यक्ष श्री अनिल कुमार जैन ने बताया कि यह कार्यक्रम करने का उद्देश्य प्रतिभावान बच्चों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो का सम्मान कर सभी को इस प्रकार से प्रोत्साहित किया जाता है कि वे भी अपने जीवन में उत्कृष्ट कार्य कर अपना और अपने समाज का नाम रोशन कर सकते हैं ।

## बोधीटोला में राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ के निर्देश में पीएम शासकीय प्रथमिक शाला बोधीटोला में राष्ट्रीय हिंदी दिवस का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अनिल कसेर और इंदु साहू थे संस्था प्रमुख पुनाराम कन्नोजे व अन्य शिक्षक गण महेश्वरी दहरे, नीता अहीर एवं प्राशिक्षु शिक्षक दिव्या वर्मा, गौरी वर्मा,मोनिका साहू ने अथितियो का स्वागत किया श्री कसेर उजाला द्वारा हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इंदु साहू द्वारा हिंदी दिवस पर हिंदी के महत्व बतलाया व साथ ही बच्चों द्वारा गीत, कविता प्रस्तुत किया गया। संस्था प्रमुख पुनाराम द्वारा स्वामी विवेकानन्द द्वारा विदेश में दिए गए भाषण के बारे में बच्चों को बताया गया। श्री कसेर ने अपने दोहा के माध्यम से पढ़ बच्चों को हिंदी के प्रति प्रेरित किया व अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करने का अपील किया इनके अलावा प्रशिक्षु शिक्षक के द्वारा भी हिंदी का प्रयोग पर जोर दिया गया।

## गणेश विसर्जन के दौरान ध्वनि प्रदूषण के दृष्टिगत न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक : कलेक्टर

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने गणेश विसर्जन के मद्देनजर गणेशोत्सव समिति एवं शहर के विभिन्न गणेश पंडाल से निकलने वाली झांकी के सदस्य, डीजे एवं साऊण्ड सिस्टम संचालकों की ली बैठक



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणेश विसर्जन के मद्देनजर गणेशोत्सव समिति, शहर के विभिन्न गणेश पंडाल से निकलने वाली झांकी के सदस्य, डीजे एवं साऊण्ड सिस्टम संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि राजनांदगांव जिला हॉकी और झांकी के लिए प्रसिद्ध है और लगभग 86 वर्ष पहले से यहां झांकी की परंपरा एवं संस्कृति रही है। उन्होंने कहा कि ध्वनि प्रदूषण के दृष्टिगत उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाना आवश्यक है। आदेश में यह स्पष्ट है कि डीजे के माध्यम से अत्यधिक ध्वनि होने पर आम जनता को परेशानी होती है, जिसके लिए उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय ने संज्ञान लिया है। विभिन्न राज्यों में ध्वनि प्रदूषण के कारण मृत्यु हुई है। बच्चों एवं बुजुर्गों पर इसका हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि आम जनता से भी झांकी के दौरान बजाए जाने वाले डीजे के दुष्प्रभाव के संबंध में फीडबैक प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करना हम सभी का दायित्व है। निर्देशों के अनुरूप 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि नहीं होनी चाहिए। इससे अधिक होने पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय की अवमानना का प्रकरण बनने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए दो माह पहले से ही लगातार बैठक ली जा रही है। हमें आम जनता की भावना का सम्मान करते हुए न्यायालय के निर्देशों का पालन करना होगा। कलेक्टर ने कहा कि झांकी निकालने वाले सभी गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी शपथ पत्र देंगे कि न्यायालय के निर्देशों का पालन करेंगे। डीजे नहीं लगाने वाली झांकी भी अनुमति प्राप्त करेंगे।पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि राजनांदगांव शहर हमारा है तथा यहां हॉकी और झांकी की परंपरा आजादी के पहले से चली आ रही है। देश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने जनसामान्य को आजादी के लिए प्रेरित करने हेतु गणेश की झांकी प्रारंभ की थी। लेकिन पिछले कुछ समय से डीजे, लाऊडस्पीकर, साऊण्ड सिस्टम से ध्वनि प्रदूषण की समस्या बढ़ी है। डीजे, एम्पलीफायर एवं बुफर से आम जनता को तकलीफहोती है। उन्होंने कहा कि शहर के लिए परंपरा हमें ही बनानी है। गणेश झांकी के दौरान उतनी ही ध्वनि होनी चाहिए, जिससे आम नागरिक को दिक्कत नहीं हो। जनसामान्य की यह मांग है तथा उच्चतम न्यायालय ने ध्वनि के लिए एक सीमा तय कर दी है। गणेश झांकी शहर का गौरव है और इससे लोगों का जुड़ाव है। अच्छी बातों की परंपरा बननी चाहिए और इसकी एक शुरूआत होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 55 डेसीबल से अधिक ध्वनि होने पर उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए गाड़ी की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुचारू व्यवस्था बनाने के लिए सभी डीजे संचालक नियमों के अंतर्गत रहते हुए ध्वनि के निर्धारित मापदण्ड का पालन करेंगे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा ने ध्वनि प्रदूषण के संबंध में उच्च न्यायालय के निर्देशों की जानकारी दी। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार वाहन पर साऊण्ड बाक्स नहीं बजे। वाहन में साऊण्ड बाक्स मिलने पर साऊण्ड बाक्स जब्त कर वाहन का रिकार्ड रखा जाये। जप्त साऊण्ड बाक्स को कलेक्टर के आदेश के बाद ही छोड़ा जाना है। द्वितीय बार पकड़े जाने पर उस वाहन का परमिट निरस्त किया जाएगा तथा उच्च न्यायालय के आदेश बिना उस वाहन को कोई भी नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा। नियम का उल्लंघन करते पाये जाने पर संबंधित अधिकारी पर अवमानना की कार्रवाई होगी। अवमानना कार्रवाई के संबंध में और डीजे बजने पर जप्त करने, प्रेशर हार्न अथवा मल्टी टोन हार्न लगाने पर एवं स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, कोर्ट, ऑफिस से 100 मीटर एरियल डिस्टेन्स पर लाऊडस्पीकर बजने पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम श्री अतुल विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारी तथा गणेशोत्सव समिति, शहर के विभिन्न गणेश पंडाल से निकलने वाली झांकी के सदस्य, डीजे एवं साऊण्ड सिस्टम संचालक उपस्थित थे।

nandgaon times sep--15-03.qxd 9/14/2024 10:56 PM Page 2



# खड़गांव में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणजनों की समस्याएं

## कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारीयों ने ग्रामीणों की समस्याएं, मांगो और शिकायतों को सुना, शिविर में प्राप्त 87 आवेदनों में से 04 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया



**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीणजनों की मांगो, शिकायतों और समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से जिले के मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत खडग्ांव में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के सभी विभाग के द्वारा स्टॉल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही शिविर स्थल पर ही विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। शिविर में मांगो, शिकायत और समस्याओं से संबंधित कुल 87 आवेदन प्राप्त हुए, आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित करने के साथ ही संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित करने की कार्यवाही किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, जिला परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी सहित सभी विभागों के जिला व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में जनपद पंचायत मानपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती शाहिदा बेगम, सरपंच श्री राजा राम मरापी, जनप्रतिनिधि श्री मदन साहू, श्री ओम प्रकाश, श्री प्रकाश शर्मा अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत मानपुर के उपाध्यक्ष श्रीमती शाहिदा बेगम ने कहा कि शिविर जिला प्रशासन के अधिकारीगण आपकी समस्या को सुनने के लिए उपस्थित हुए है। अधिकारीयों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन विभागीय स्टाल में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस शिविर के माध्यम से आप अपने समस्याओं का निराकरण करा सकते है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में पहुँचकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचायें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उसका निराकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को कई योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। ग्रामीणों की ऐसी कई समस्याएं एवं मांगे जिसे स्थानीय स्तर पर पूर्ति किया जाना संभावना नही होता है। ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जानकारी के आभाव में ग्रामीणजन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। शिविर में विभागीय अधिकारियों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीणजन इसका अवश्य लाभ लेवें। उन्होंने कहा कि आज प्राप्त हुए सभी आवेदनों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने आगे कहा कि कई बार छोटी सी समस्या के चलते हम योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। उन्होंने शिविर में महत्वपूर्ण बिन्दुओं बैंक खाता, आधार नंबर, मोबाईल नंबर के बारे में उपस्थित सभी आम नागरिकों को जानकारी से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया की प्रत्येक नागरिक का बैंक खाता, आधार नंबर, मोबाईल नंबर, अपडेट होना एवं तीनों का लिंक एक-दुसरे के साथ जरूर होना चाहिए। इसी प्रकार अपने जरूरी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में अपने नाम को एक जैसा रखें। अपने सभी दस्तावेजों का निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसका समय से पूर्व निराकरण करें। ताकि आगामी शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ लेने में



आपको कोई असुविधा ना हो। साथ ही उन्होंने कहा वर्तमान में पुरे भारत देश में 14 सितंबर से 2 अक्टुबर तक चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में जिले के सभी क्लस्टर के ग्राम पंचायतों में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बेहतर कार्य करने की अपील की गई है। गांव के जनप्रतिनिधि, सरपंच, सचिव, और अन्य सभी लोग बढ़-चढ़कर इस अभियान में भाग लें। साथ ही ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर भी इन कार्यों की एंट्री कर दिखाने का आग्रह किया गया है। ब्लैक स्पॉट्स, जहां परंपरागत रूप से कचरा फेंका जाता है, उन जगहों को साफ करके सुंदर बनाया जाए। 2 अक्टूबर तक इन्हें पूरी तरह से साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथी ही वर्तमान में चल रहें वजन त्यौहार कार्यक्रम के तहत बच्चों का वजन और ऊंचाई नापकर उनके स्वास्थ्य पर ध्यान देने, उपस्थित सभी माता-पिता से अपने बच्चों को आंगनबाड़ी भेजने की भी अपील की गई है। शिविर में कृषि विभाग द्वारा 04 किसनों को स्वाइल हेल्थ हार्ड वितरण किया गया।

## नगर साहू संघ की बैठक आज

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर साहू संघ की आवश्यक बैठक 15 सितंबर को मां कर्मा भवन मटिया में 12 बजे रखा गया है नगर साहू संघ के अध्यक्ष कौशल साहू ने समस्त प्रकोष्ठ संयोजकगण एवं न्याय प्रकोष्ठ के समस्त कार्यकर्ता को बैठक में विशेष रूप से उपस्थित होने की अपील की गई है।

## एस डी एम के निर्देश पर बाढ़ सर्वे टीम गठन कर मौके पर निरीक्षण किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राजनांदगांव एस डी एम अतुल कुमार विश्वकर्मा निर्देश पर ग्राम धामनसरा में बाढ में क्षति मकान सब्जी धान फसल अन्य समाग्री के सर्वे टीम गठन कर मौके निरीक्षण किया गया सुरगी क्षेत्र राज्स्व निरीक्षक अंबादे पटवारी शंकुन तला वर्मा पटवारी हरेन्द चंदवंऊ सचिव ढालेशवरी साहू एवं योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य लोकेश कुमार गंगवीर सरपंच कृत लाल पटेल उपसरपंच हिरदे यादव के समक्ष नजरी नक्शा एवं पंचनामा तैयार किया गया पंचायत भवन में बाढ के बीमारी रोकथाम हेतु स्वास्था विभाग चिकित्सा शिविर एवं निशुल्क दवाई वितरण किया।



## डोंगरगांव शासकीय विभागो पर 7.45 करोड़ का बिजली बिल बकाया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सरकारी विभागो से शासन की विभिन्न योजनाओं का कियान्वयन और संचालन होता हैं इसके लिए अलग-अलग विभागों, कार्यालय तथा सखाएँ बनाई गई है। जनसुविधा के लिए नगरीय निकाय, सरकारी अस्पताल जैसी अन्य सेवाएँ इस संभाग में मौजूद है। इन विभागों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली आपूर्ति के लिए कनेक्शन दिये गये है। अधिकांश विभागों में कई वर्षों से बकाया बिजली बिल का भुगतान नही हुआ है, जिसके कारण हर माह बिल का बोझ बढ़ते चला जा रहा है। जल संसाधन विभाग, वन विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थय विभाग, महिला बाल विकास विभाग, नगर पंचायत, ग्राम पंचायत जैसे अनेक विभागों में बिल भुगतान हेतु बकाया राशि 07 करोड़ 45 लाख 93 हजार बकाया राशि हैं। इसमें से सर्वाधिक बकाया ग्राम पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का 3 करोड़ 90 लाख 44 हजार बिजली बिल बकाया है। एवं नगर पंचायत का 02 करोड़ 53 लाख बकाया हैं। उक्त ऑकड़ा जुलाई 2024 का हैं। उक्त विभाग चुनिंदा विभाग है जिसका बकाया राशि करोड़ों में हैं। ऐसे और भी विभाग है जिनके द्वारा बिल का भुगतान नही किया जा रहा है। इसके लिए सभी बकाया राशि वाले विभागो को वितरण केन्द्र स्तर पर नोटिस देकर बिल भुगतान हेतु अवगत कराया जा रहा है। इसके बाद भी बिल भुगतान नही किये जाने पर लाईन विच्छेदन की कार्यवाही की जा रही है। नीचे उल्लेखित विभाग जिनका लंबे समय से भुगतान प्राप्त नही हुआ है कार्यपालन अभियंता पी सी साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार किस विभाग पर कितना बकाया कौन कौन से विभाग है बकाया राशि (लाख में) जनपद पंचायत 10.25 पुलिस विभाग 4.59 शिक्षा विभाग 8.11 स्वास्थय विभाग 16.12 राजस्व/तहसील 0.31 आदिम जाति कल्याण विभाग 8.10 लोक निर्माण विभाग 0.46 महिला एवं बाल कल्याण विभाग 3.14 वन विभाग 0.88 सहकारिता विभाग 0.80 जल संसाधन विभाग 49.53 बिजली बिल की बकाया राशि भुगतान के लिए वितरण केन्द्रों को पत्र लगातार पत्राचार करते हुए बकायादारो के विरूद्ध लाईन विच्छेन की कार्यवाही किया जा रहा है।

**शुभांक**

2-3-6

128-1 356-4

कार्यालय कलेक्टर, राजनांदगांव
(आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग)
दूरभाष नं. 07744-225158
ई-मेल - actd.rajnandgaon@nic.in

// निविदा सूचना //

क्रमांक / 930/ आजाक / एकलव्य / 2024-25

राजनांदगांव, दिनांक- 11/09/2024

जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेन्ड्री राजनांदगांव के संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं से खाद्य सामग्री, बेकरी एवं स्वीट, सब्जी एवं फल, मांसाहार सामाग्रियां प्रदाय एवं हेयर कटिंग के लिए मुहर बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, राजनांदगांव के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर (जी.एस.टी. प्रमाण पत्र सहित एवं वर्तमान आयकर रिटेन) रू. 500 (रू पांच सौ मात्र) प्रत्येक फार्म हेतु नगद भुगतान कर दिनांक 08/10/2024 तक कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि 08/10/2024 समय सायं 5:30 बजे तक
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25/10/2024 समय दोपहर 2:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि 25/10/2024 समय सायं 4:00 बजे तक

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास राजनांदगांव

G-242502450

# आत्महत्या के कारण एवं रोकथाम पर व्याख्यान आयोजित

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में 12 सितम्बर को महिला प्रकोष्ठ व आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन व महिला प्रकोष्ठ संयोजिका डॉ. श्रीमती आशा चौधरी के कुशल नेतृत्व में आत्महत्या के कारण एवं रोकथाम विशय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगढ़ से काउंसलर हितेंद्र कोसरे एवं जयकिशन महोबिया उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुई। प्राचार्य डॉ. रेवती द्वारा छात्र-छात्राओ को आत्महत्या के कारण तथा कहा कि छात्र छात्राओं को कोई भी समस्या हो तो उन्हें एक दूसरे से बात करके उसे सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए क्योंकि हर समस्या का समाधान निकाला जा सकता है । मुख्य वक्ता हितेंद्र कोसरे ने छात्र-छात्राओं को उदाहरण देते हुए समझाया गया की आत्महत्या करने वाला मनुष्य उससे पहले कई संकेत हमें देता है जिन संकेतों को हमें समझ कर उनसे बात करनी चाहिए ताकि उनकी समस्या कम हो सके और वह कोई ग़लत क़दम न उठाएँ । मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित महोबिया ने बड़े ही रोचक ढंग से छात्र छात्राओं को आत्महत्या करने के कारणों को तथा उसे रोकने के उपायों को बताया जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया तथा सभी वर्ग के लोगों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को अपनी परेशानी को एक दूसरे से बताने या घर वालों को बताने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि आज कल हर व्यक्ति कोई न कोई समस्या से जूझ रहा है परंतु वह समस्या कभी भी इतनी बड़ी नहीं होती कि उन्हें ऐसा कुछ क़दम उठाना पड़े इसलिए यदि किसी को कोई भी समस्या हो तो उन्हें एक दूसरे से बात करके समस्या का हल निकालना चाहिए साथ ही उन्होंने टेली मानस की जानकारी बच्चों को दी जिसमें उन्होंने टोल फ्री नंबर 14416 के बारे में बताया जिसमें कोई भी कॉल करके अपनी परेशानी बता सकता है तथा उस परेशानी का समाधान प्राप्त कर सकता है । कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक श्रीमती नीलम चतुरवेदानी, प्रभात बैस, व छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सोनाली लोया ख़ानखोजें एवं आभार प्रदर्षन अविनाश सिंह द्वारा किया गया।



# खैरागढ़ कालेज हिन्दी दिवस पर वेलकम पार्टी

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में हिन्दी दिवस पर एम ए हिन्दी साहित्य एवं एम ए समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 सितम्बर 2024 को वेलकम पार्टी का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ जे के साखरे विशिष्ट अतिथि छात्रसंघ प्रभारी जे के वैष्णव , विभागाध्यक्ष हिन्दी प्रो.यशपाल जंघेल, डॉ. उमेद चन्देल उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित एवं सरस्वती वंदना से हिन्दी दिवस कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ जे के साखरे ने हिन्दी भाषा के महत्व को समझाते हुए व्याकरण पर विशेष ध्यान देने कहा। जिससे शुद्ध हिन्दी भाषा का प्रयोग कर सकें। छात्रसंघ प्रभारी जे .के. वैष्णव ने हिन्दी भाषा को एक समृद्ध भाषा बताया एवं भारतीयता देश की राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को अक्षुण्य बनाए रखने में हिन्दी भाषा के योगदान को रेखांकित किया। हमारे देश की हिन्दी भाषा एवं संस्कृति हमें एकजुट जोड़े रखने में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रो. यशपाल जंघेल ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी दिवस मनाने के बारे में जानकारी दी एवं व्यवहार राजेन्द्र सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर 1953 से प्रतिवर्ष हिन्दी दिवस मनाने को विस्तार से बताया। डॉ.उमेंद चन्देल ने हिन्दी भाषा की विकास यात्रा को चिन्हांकित करते हुए भारतेन्दु हरिश्चन्द्र की कविता के माध्यम से छात्रों को संबोधित किया। इस अवसर पर कु. लीना वर्मा ने कविता प्रस्तुति दी एवं गौरी यदु, सुनील वर्मा,विवेक जांगड़े, टिकेन्द वर्मा, उषा बंजारे, कीर्ति यदु , काजल कोठले, लिलात्री साहु आदि छात्र छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर शिक्षक स्टाफके विजेन्द्र वर्मा , होमन साहु, धरमपाल वर्मा, गुरु वर्मा, योगेश जंघेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।वेलकम पार्टी में नवप्रवेशी छात्र छात्राओं को उपहार देकर स्वागत करते हुए स्वल्पाहार दिया गया एवं भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



## बैकलेस डे पर स्पोर्ट्स ड्रेस बच्चों को वितरण किया गया

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सामुदायिक सहभागिता का उदाहरण बना प्राथमिक शाला पेंडारवानी संकुल तुमड़ीबोड़ बैकलेस डे के अंतर्गत शनिवार के लिए स्पोर्ट्स ड्रेस बच्चों को वितरण किया गया शाला विकास समिति के अध्यक्ष नूतन साहू ने बताया है कि सामुदायिक सहभागिता एवं शाला विकास प्रबंधन समिति द्वारा किया गया और इसके अंतर्गत बच्चे प्रत्येक शनिवार को ड्रेस कोड का उपयोग खेल गतिविधियों एवं अन्य पर्यावरण गतिविधियों के लिए इसका उपयोग करेंगे , इससे बच्चों की स्कूल की प्रति रुचि एवं शाला में बच्चों की नियमित उपस्थिति में वृद्धि देखने को मिल रही है...यह विकासखंड का पहला स्कूल है जहां ड्रेस कोड को लेकर नवाचार सामुदायिक सहभागिता द्वारा दिखाई गई है.. शिक्षकों की इस शानदार पहल को बी आर सी, संकुल प्राचार्य ,संकुल शैक्षिक समन्वक द्वारा सराहना करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी।



# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के द्वारा पोषण माह दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वारा पोषण माह दिवस का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम प्राचार्य महोदया श्रीमती डॉ अंजना ठाकुर के मार्गदर्शन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के निर्देशन में पोषण माह दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मॉडल आंगन बाड़ी केंद्र 2 बजरंगपुर नवागांव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के छात्र.छात्राओं द्वारा आंगनबाड़ी परिसर में विभिन्न नारे लगाए गए व ग्राम में रैली भी निकाली गई। तत्पश्चात समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में आंगनबाड़ी में छोटे बच्चों व गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण आहार के बारे में जानकारी प्रदान की व समाज कार्य के छात्र.छात्राओं द्वारा छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरण किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने अपने उद्बोधन में काहा की शासकीय दिग्विजय कॉलेज के प्राध्यापकों व छात्र.छात्राओं द्वारा पोषण माह दिवस पर सराहनी जानकारियां देने के लिए धन्यवाद प्रदान किया उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार का कार्यक्रम होता रहे मैं आशा करती हूं। स्ववित्तीय व्याख्याता श्रीमती शालिनी सोनी ने आभार व्यक्त करते हुए वहां उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया ।उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू व स्ववित्ति व्याख्याता श्रीमती शालिनी सोनी व समाज कार्य के छात्र.छात्राएं उपस्थित रहे।



# गणेश प्रतिमा का विर्सजन शिवनाथ नदी के पास निर्मित विर्सजन कुण्ड मे ही करें- महापौर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये प्रति वर्ष मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में व्यापक व्यवस्था की जाती है, निगम द्वारा विसर्जन के लिये विशालकाय विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें गणेश,दुर्गा आदि सभी प्रतिमाये विसर्जित की जाती है, जहॉ इस वर्ष भी गणेश प्रतिमा विसर्जित की जायेगी ।उक्त संबंध में महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने बताया कि नगर निगम द्वारा गणेश विसर्जन के लिये नगर सहित मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रति वर्ष व्यापक व्यवस्था किये जाते है। जिसके तहत शहर में वॉच टावर का निर्माण,चौक चौराहों में लाईट की व्यवस्था, के साथ साथ सड़कों का पेचवर्क, साफ सफाई व पानी टैंकर रखे जाते है। साथ ही शिवनाथ नदी के चारो ओर लाईट, बेरीकेटिंग आदि व्यवस्था की जाती है। इसी कडी मे प्रतिमा विसर्जन के लिये शिवनाथ नदी के पास निगम द्वारा निर्मित विसर्जन कुण्ड में गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया जाना है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एन.जी.टी.) द्वारा नदी व तालाब में मुर्ति विसर्जित करना प्रतिबंधित किया गया है। उक्त बात को ध्यान में रख कर निगम द्वारा विसर्जन कुण्ड का निर्माण किया गया है। जिसमें प्रतिवर्ष सभी प्रतिमाए विसर्जित की जाती है। उन्होंने सभी समितियों एवं गणेश प्रतिमा रखने वाले लोगों से अपील की है कि वे मुर्ति विसर्जन कुण्ड में ही करे,साथ ही पूजा के लिये टेबल लगाया गया है। जिसमें प्रतिमा रखकर पूजा की जायेगी,उसके पश्चात विसर्जन किया जायेगा तथा पूजा सामग्री विसर्जन के लिये अलग से स्थान बनाया गया है,उसमें पूजा सामग्री विसर्जित करना है। उन्होंने विसर्जन कुण्ड में प्रतिमा विसर्जित कर सहयोग करने की अपील की है। महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिये नगर निगम द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण किया जा रहा है। इसी कडी में शहर के भीतरी भाग में भी वृक्षारोपण किया गया है, चुकि गणेश विसर्जन के दिन झांकी देखने शहर के अलावा बाहर से भी लोग आते है। जिससे भीड बहुत हो जाती है। भीड़ के कारण लगाये गये पौधे को नुकसान न हो इसका ख्याल हम सबको रखना है,क्योंकि यदि वह पौधा वृक्ष का रूप ले लेगा तो हमारा वातावरण स्वच्छ हो जायेगा। साथ ही बाहर से आये हुये लोगों की सुरक्षा का ध्यान भी हम नगर वासियों को करना है,क्योकि झाकी निकलने वाले रोड में भीड होने के कारण परेशानी होती है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से आये हुये लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका हमे ध्यान रखना है,ताकि हमारे संस्कारधानी का नाम बना रहे।



## 17 सितम्बर को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार अनंत चर्तुदशी एवं पयुषर्ण पर्व के अंतिम दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 17 सितम्बर दिन मंगलवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।

कार्यालय जनपद पंचायत
जनपद पंचायत,तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
क्र.- /ग्रा.पं.पारीखुर्द/2024 दिनांक 14/09/2024

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पारीखुर्द में विकास निधि आयोग मद से फ्री कास्ट सीमेंट चेयर 4 नग और आश्रित ग्राम कुसमी में 6 नग खरीदी 50,000/- पचास हजार रूपये का क्रय किया जाना प्रस्तावित है। संबंधित फर्म अपनी निविदा दर बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन दिनांक 14/09/2024 से 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे।

निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय के कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत पारीखुर्द
जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

कार्यालय जनपद पंचायत
जनपद पंचायत,तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
क्र.- /ग्रा.पं.तोरनकट्टा/2024 दिनांक 14/09/2024

निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तोरनकट्टा के आश्रित ग्राम मनकी में ज०प० विकास निधि के मद से स्ट्रीट लाईट खरीदी 1,50,000/- एक लाख पचास हजार रूपये का क्रय किया जाना प्रस्तावित है संबंधित फर्म अपनी निविदा दर बंद लिफाफे में निविदा प्रकाशन दिनांक 14/09/2024 से 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे।

निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय के कार्यालीन समय में देखी जा सकती है।

सरपंच/सचिव
ग्राम पंचायत तोरनकट्टा
जनपद व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202409091100008**

विषयः-ब-121. मामले की श्रेणी- राजस्व
सनः- 2023-2024
कोहका प.ह.न. 00025 ((हे0) 7
पक्षकारों का विवरण आवेदक- पक्षकार हेमलाल अनावेदक पक्षकार- छ.ग. शासन,

ईश्तहार

एतद ?द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमलाल आ0 समारु जाति गरार निवासी ग्राम कोहका पटवारी हलका नं0 25 तहसील डोंगरगांव ?द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता केकतीबाई की मृत्यु दिनांक 05 12/2023 को ग्राम कोहका में होने के कारण अपने माता की मृत्यु तिथि जारी किये जाने शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र. पंचनामा. अनापत्ति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 18.09.2024 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 04.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/09/2024 को जारी किया जाता है।

सील

नायब तहसीलदार
डोंगरगांव

## ज्ञान मंथन

*1) नेशनल रिसर्च सेन्टर फॉर मखाना कहाँ स्थित है?*
*2) दुनिया का सबसे लंबा रेल रूट कौन-सा है?*
*3) वीर बाल दिवस किस तिथि को मनाया जाता है?*
*4) डेस्कटॉप और टैबलेट किस प्रकार के कंप्यूटर से संबंधित है?*
*5) हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार 2023 से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) पटना (बिहार) (2) पुर्तगाल और वियतनाम के बीच बना रेलवे कॉरिडोर है जिसकी लंबाई लगभग 17000 किलोमीटर है (3) 26 दिसम्बर (4) माइक्रो कंप्यूटर (5) अतुल कुमार राय

# शासन की नीतियों में प्रमुखता से शामिल है हिंदी - नीरज बाजपेयी

## नीरज विद्या मंदिर में मना हिंदी दिवस

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर, मोहड़ (सीबीएसई) में हिंदी दिवस पूरी गरिमा के साथ मनाया गया। प्रति सप्ताहांत होने वाली को-केरिकुलर एक्टीविटी को ध्यान में रखते हुए इसे एक अलग ही रंग दिया गया। हिंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्या सुश्री अंजुम जहान के मार्गदर्शन में हिंदी दिवस मनाया गया। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से 3 तक के विद्यार्थियों के लिए कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी दिवस के तहत कक्षा 4 से 5 वीं के लिए काव्यलेखन स्पर्धा, कक्षा 6वीं से 8वीं के लिए भाषण स्पर्धा, जिसका विषय- 'हमारे देश की शान हिन्दी' था का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं व 12वीं के लिए हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्पर्धा के विजेता बच्चों को नियमित प्रार्थना सभा में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।



संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स एवं अंचल के युवाशिक्षाविद् इंजी. नीरज बाजपेयी ने कहा कि हिंदी हिंदोस्तान की भाषा है और इसे देश के सिंहासन पर बिठाना ही होगा। उन्होंने आगे कहा कि सरकार की नीतियों में अब प्रमुखता के साथ हिंदी को शामिल किया जा रहा है यह शुभ संकेत है। संस्था की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी ने हिंदी की उपयोगिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजनीति से ऊपर उठकर इच्छाशक्ति का परिचय देते हुए हमें हिंदी की सेवा करनी होगी। हिंदी दिवस के संदर्भ एवं प्रसंग को रेखांकित करती हुई प्राचार्या सुश्री जहान ने कहा कि हिंदी वैज्ञानिक भाषा है और इसकी विशेषताएँ ही इसे आने वाले दिनों में वैश्विक भाषा का दर्ज़ा दिलाएगी। संस्था में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती सोनल बाजपेयी, इंजी. दिलीप तिवारी, श्री रितेश शर्मा, श्री नीरज कोटड़िया, श्रीसमीर पोद्दार, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक जी राम सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में व्याख्याता डॉ. लोकेश शर्मा, श्रीमती रेखा निषाद, श्रीमती सरिता साहू , श्रीमती चित्ररेखा धनकर, श्रीमती नंदनी साहू, सहित शैक्षणिक स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में शिक्षक श्री नवीन देवांगन ने दी।

## राष्ट्रीय योग स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ का चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ में अध्ययनरत् कक्षा सातवीं के छात्र साहित्य देवांगन ने अपनी शानदार प्रस्तुति से राष्ट्रीय स्तर पर योग स्पर्धा में चयनित होकर विद्यालय एवं माता-पिता का मान बढ़ाया। ज्ञात हो कि विगत दिनों दुर्ग में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छात्र ने अव्वल स्थान प्राप्त किया। छात्र साहित्य की योग क्रिया में आरंभ से ही विशेष रूचि रही है जो योग में कई प्रतियोगिता जीत चुके है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनित छात्र साहित्य देवांगन की योगा प्रशिक्षिका गायत्री विद्यापीठ की शिक्षिका भारती साहू के कुशल मार्गदर्शन में छात्र ने यह सफलता अर्जित की है। श्रीमती भारती साहू आरंभ से ही अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन लगन व निष्ठा से कर रही हैं, जिनके नेतृत्व में विद्यार्थियों ने योग प्रतियोगिता में पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। उक्त सफलता पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।



## नि:शुल्क हार्ट एवं कैंसर जांच शिविर : लायंस क्लब राजनांदगांव गुरुद्वारा में आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लायंस डिस्ट्रिक्ट् 3233-C द्वारा अनुमोदित कैंसर जागरूकता अभियान के अंतर्गत लायंस क्लब राजनांदगांव क्लब एवं गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वाधान में सुखमणि सत्संग सभा के सहयोग से नि:शुल्क हृदय एवं कर्क जांच शिविर तथा लिपिड प्रोफाइल, ग्लाइकोसुलेटेड Hb, जैसे जांच का नि:शुल्क आयोजन किया जा रहा है द्य नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क नंबर 9827 182 417, 9826 12 4 858, 9406 011 669, 7000 216 464 पूर्व रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं द्य दिनांक: 15. 09.2024 रविवार समय: 11 A.M.. बजे से 4:30 बजे तक प्रकल्प स्थान: गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा राजनांदगांव, शिविर में जांच हेतु डॉ. गौरव जैन डीएनबी मेडिसिन एमडी कार्डियोलॉजी भिलाई एवं डॉ जसवंत जैन कैंसर रोग शल्य विशेषज्ञ द्वारा परामर्श सेवाएं दी जाएगी द्य इस सेवा स्वास्थ्य शिविर का लाभ लेने आम नागरिक से अपील की गई है द्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन लायंस क्लब की ओर से अध्यक्ष,लायन तरणदीप सिंग अरोरा, सचिव लायन डॉ. गिरीश श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष लायन कमल किशोर साहू प्रकल्प प्रभारी लायन डॉ गिरीश श्रीवास्तव लायन डॉ दीपिका पटेल द्वारा प्रयास किया गया है।




## शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग के द्वारा साक्षरता दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वारा साक्षरता दिवस का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया। यह कार्यक्रम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोटरासरार जिला राजनांदगांव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम परिसर में सामूहिक रूप से रैली निकाली गई। जिसमे साक्षरता दिवस संबंधित विभिन्न नारे एवं स्लोगन बोले गए। कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। शाला के प्राचार्य महोदय सनन कुमार साकरे ने अपने उद्बोधन में साक्षरता दिवस के उपलक्ष में काहा की इस परिवर्तन के दौर पर हमें अनेकों नई-नई टेक्नोलॉजी व कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिन कठिनाइयों को हम साक्षर होकर ही समझ सकते हैं तथा सही गलत का पहचान कर सकते हैं यह कहकर बच्चों को जानकारी प्रदान की। विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहां की आज के इस युग में कोई भी बच्चा निरक्षर या अशिक्षित ना हो इसलिए सरकार ने निशुल्क शिक्षा प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं भी चला रही है जिसके माध्यम से लोग अधिक से अधिक शिक्षित हो सके काहा। तत्पश्चात शाला परिसर में साक्षरता दिवस विषय पर पोस्टर मेकिंग, भाषण, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# शिक्षक साकेत गंजीर को भावभीनी विदाई

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** एक शिक्षक में भविष्य निर्माण की अद्भुत क्षमता होती है अपने शिक्षकीय जीवन में वह अपने छात्रों के स्वर्णिम जीवन निर्माण के साथ साथ राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। शिक्षक की सेवानिवृत्ति औपचारिक होती है एक सभ्य समाज शिक्षकों से अनंतकाल तक सीखता ही रहता है च्च् उक्त वक्तव्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक साकेत कुमार गंजीर के विदाई सम्मान समारोह पर कहा।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साहू समाज के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ एन. के. साहू ने अपने वक्तव्य में श्री गंजीर के व्यक्तित्व को एक आदर्श शिक्षक के चरित्र से जोड़ते हुए चिंतनशील , उद्यमशील एवं सृजनशील शिक्षक के रूप में रेखांकित किया । एबीईओ ने श्री गंजीर की सहजता एवं सरलता को उनके जीवन दर्शन का हिस्सा बताया।अपने 40 वर्षों के शिक्षकीय जीवन में श्री साकेत एक आदर्श शिक्षक की भूमिका में रहे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये नित नये नवाचार करना एवं खेल खेल में शिक्षण उनकी शिक्षा का मूलमंत्र रहा है । श्री साकेत के निर्विवाद सहयोगात्मक आचरण को संकुल खुज्जी प्रभारी प्राचार्य गुमानसिंह साहू ने अनुकरणीय बताया। साकेत कुमार गंजीर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेंदरकट्टा से प्रधान पाठक के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। श्री साकेत ने अपने उद्बोधन में अपने शिक्षकीय जीवन का सार प्रस्तुत किया एवं उपस्थित शिक्षकों को सफल शिक्षकीय जीवन जीने के सूत्र दिये एवं वृहद् आयोजन के लिए बेंदरकट्टा वासियों का आभार व्यक्त करते हुए सफल शिक्षण में पालकों की भूमिका पर प्रकाश डाला । कार्यक्रम के संयोजक शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रवींद्र रामटेके ने संकुल के समस्त शिक्षकों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया कार्यक्रम में सरपंच हरिला साहू, अमर निषाद , पूर्वक सोनटेके , भैया लाल सोनटेके ,संघपाल रामटेके , मुकेश उके एवं विद्यालय के शिक्षकगण दुर्गेश्वरी ठाकुर , वीरेन्द्र पटेल , मंजू खोब्रागढ़े , ए. के. शर्मा एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्री गंजीर को भावी जीवन की शुभकामनाएँ दी ।संपूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन गजेंद्र हरिहारनो ने किया ।प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक मोहन लाल साहू ने समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



## महापौर हेमा देशमुख ने किया जतन चंडिका न्यूज और कलयुग का भारत के कार्यालय का उद्घाटन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला न्यायालय लगे प्यारेलाल स्कूल परिसर में आज शॉप नंबर दो में जतन चंडिका न्यूज व कलयुग का भारत के कार्यालय का शुभारंभ हुआ। शहर की प्रथम नागरिक महापौर हेमा देशमुख ने फीता काटकर उद्घाटन किया। महापौर ने गणेश जी की पूजा अर्चना के साथ श्रीगणेश किया। कार्यालय के शुभारंभ अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष नीलू शर्मा, प्रदेश महिला कांग्रेस की कुसुम दुबे,गणेश पवार, गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जतन चंडिका न्यूज के संपादक मनोज राठौर विशेष सहयोगी रॉबिन राठौर साथ में कलयुग का भारत के राजनांदगांव ब्यूरो चीफरूपेश जोशी कलयुग का भारत के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव सुनील तिवारी ने शुभारंभ किया। जतन चंडिका न्यूज व कलयुग का भारत के शुभारंभ अवसर पर पूर्व प्रेस क्लब अध्यक्ष सूरज बुद्धदेव, बालू नवल, अंकित बालाजी, राजू सोनी, पप्पी भाटिया, कमल सोनी, अभिषेक यादव, योगेश साहू, महेश्वर साहू, तुलसी गौतम, नरेश यादव, नीटू ठाकुर सभी वरिष्ठ और राजनांदगांव प्रेस क्लब के सामान्य सभी साथी उपस्थित रहे।



## निधन

**सूर्यकांत गुप्ता**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** स्थानीय राजाराम मेज प्रोडक्ट के संचालक सूर्यकांत गुप्ता उम्र 79 का आकस्मिक निधन 14/09/2024 की सुबह 12 बजे के लगभग हो गया। आपकी अंतिम यात्रा निज निवास लालबाग से 16/09/2024 सोमवार की सुबह 10.30 बजे लखोली मुक्तीधाम जायेगी। श्री गुप्ता के एक सुपुत्र नितिन गुप्ता एवम् एक सुपुत्री निधि अग्रवाल का भरपूर परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा लिए। पूर्व में अंतिम संस्कार रविवार 15 सितंबर की सूचना की गई थी जिसे सुधार कर सोमवार 16 सितंबर किया गया।



# शिक्षकों के गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने की मांग को लेकर नवीन शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला राजनांदगांव के शिक्षकों ने नवीन शिक्षक संघ के अगुवाई में अनुविभागीय अधिकारी राजनांदगांव द्वारा राजनांदगांव विधानसभा के अंतर्गत मतदान केन्द्रों में ओ.बी.सी. सर्वे एवं अन्य गैर शिक्षकीय कार्यों से शिक्षकों को मुक्त रखने की मांग को लेकर अपर कलेक्टर सी.एल. मार्कण्डेय के हाथों ज्ञापन सौंपा। नवीन शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष छन्नू लाल साहू एवं सचिव अजय कड़व ने बताया कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव से जारी आदेश में राजनांदगांव विकासखण्ड से लगभग डेढ़ सौ से अधिक शिक्षकों की ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगायी गई है। इसी तरह अन्य विकासखण्डों में भी प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य में झोक दिया गया है। इतनी अधिक संख्या में शिक्षकों की गैर शिक्षकीय कार्य में ड्यूटी लगने से प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलों की व्यवस्था और पढने़ वाले विद्यार्थियों पर भी दिख रहा है। कई प्रधान पाठकों की भी ड्यूटी ओ.बी.सी. सर्वे में लगाया गया है। प्राथमिक शालाओं एवं मिडिल शालाओं में पहले से ही शिक्षकों की कमी हुई है। जाहिर है जुलाई, अगस्त एवं सितंबर का माह अध्ययन - अध्यापन की दृष्टि से महत्वपूर्ण होता है। नवीन शिक्षक संघ के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख मांग प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं के शिक्षकों को गैर शिक्षकीय कार्य से मुक्त रखने एवं पूर्व में किये गये आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण के दिनों को अर्जित अवकाश में जोडने़ की मांग किया गया है। विदित हो कि पूर्ववर्ती सरकार के शासन काल में गर्मी की छुट्टियों में शिक्षकों से आर्थिक सर्वेक्षण के रूप में सवे कार्य कराया गया था। गर्मी की छुट्टी के दिनों में किये गये कार्य दिवसों की संख्या को अर्जित अवकाश में नियमानुसार बदलने की मांग संघ की ओर से किया गया है। नवीन शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने कहा है कि शासन प्रशासन इसी तरह प्राथमिक एवं मिडिल शालाओं की ड्यूटी गैर शिक्षकीय कार्य में लगाते रहें तो शासकीय शालाओं में पढने़ वाले विद्यार्थियों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रभावित होगी। वैसे ही शिक्षा विभाग को एन.जी.ओ. का प्रयोगशाला बना दिया गया है। कई प्रकार की अन्य गतिविधियां स्कूलों में इन अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन कराने से कोर्स वैसे भी पूरा नही हो पा रहा है। संघ ने कहा है कि यदि शासन प्रशासन शिक्षकों की मांग का निराकरण नही करता है तो जन प्रतिनिधियों के बीच जाकर इन समस्याओं के बारें में अवगत कराया जायेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में सर्व श्री छन्नूलाल साहू, अजय कड़व, जितेन्द्र हिरवानी, प्रफुल्ल झा, जितेन्द्र देवांगन, महेश ठाकरे, अर्जुन सेन, प्रमोद साहू, कन्हैया लाल कुंजाम, गुरूदत्त सिन्हा के साथ अन्य शिक्षकगण शामिल थे।



## धर्म समाचार....

# कब मनाई जाएगी ईद-ए-मिलाद-उन-नबी




इस्लाम धर्म में ईद का पर्व विशेष महत्व रखता है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार रबीउल अव्वल महीने की 12वीं तारीख पर मिलादुन्नबी के दिन ईद-ए-मिलाद-उन-नबी मनाई जाती है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पर ही इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर मोहम्मद साहब का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को इतना खास माना जाता है। इस्लाम धर्म में पैगंबर मोहम्मद के जन्म के जश्न के तौर पर में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का पर्व मनाया जाता है। ऐसे में आइए जानते हैं कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी, साल 2024 में कब मनाई जाएगी। साथ ही जानते हैं इस दिन का महत्व।

**ईद-उल-फितरमुबारक**

इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार, पैगंबर मोहम्मद का जन्म मक्का में हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि अल्लाह ने हजरत मोहम्मद को एक अवतार के रूप में भेजा था, जिसका उद्देश्य समाज में फैले अंधकार और बुराइयों को खत्म करना था। ऐसे में बुराई को खत्म करने के लिए अल्लाह ने मोहम्मद साहब को धरती पर भेजा था। पैगंबर मोहम्मद के वालिद (पिता) अब्दुल्ला बिन अब्दुल मुतलिब थे, और वालिदा (माता) आमेना थीं। उनका जन्म रबीउल अव्वल महीने की 12 तारीख पर मिलादुन्नबी के दिन हुआ था। ऐसे में इस साल इस्लामिक कैलेंडर के अनुसार, ईद मिलाद उन नबी सोमवार, 16 सितंबर के दिन मनाई जाएगी।

**कैसे मनाते हैं यह जश्न**

हर साल बड़े ही जोरो-शोरों के साथ ईद का जश्न मनाया जाता है। इस खास मौके लोग अपने घरों को सजाते हैं, मस्जिद में सजदा करते हैं। इस्लाम धर्म के अनुयायी इस खास दिन पर दरगाह जाकर चादर चढ़ाते हैं और हजरत मोहम्मद के संदेश पढ़ते हैं। साथ ही इस दिन को जितना हो सके अल्लाह की इबादत में बिताया जाता है। इसी के साथ ईद के दिन पर जगह-जगह पर कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं।

## लक्ष्मी जी की कृपा दिला सकते हैं केवल ये 8 नाम, महालक्ष्मी व्रत पर करें जाप

ऐसा माना जाता है कि महालक्ष्मी व्रत करने वाले साधक को मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त हो सकती है। मां अष्टलक्ष्मी के 8 रूपों की आराधना साधक को अगल-अगल परिणाम देती है। ऐसे में यदि आप महालक्ष्मी व्रत की पूजा के दौरान मां लक्ष्मी के केवल इन आठ नामों का जाप करते हैं तो इससे आपको धन की देवी का आशीर्वाद मिल सकता है।




हिंदू पंचांग में माना गया है कि हर साल भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से महालक्ष्मी व्रत की शुरुआत होती है। वहीं इस व्रत की समाप्ति आश्विन माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि पर होती है। ऐसे में महालक्ष्मी व्रत लगभग 16 दिनों तक किया जाता है। इस साल इस व्रत की शुरुआत बुधवार, 11 सितंबर से हो चुकी है, जिसका समापन मंगलवार, 24 सितंबर पर होगा।

**ये हैं अष्ट लक्ष्मी के नाम** -आदि लक्ष्मी - मां लक्ष्मी के पहले स्वरूप का नाम आदि लक्ष्मी है। लक्ष्मी जी के इस स्वरूप की पूजा-अर्चना करने से मोक्ष की प्राप्ति हो सकती है। धनलक्ष्मी - मां लक्ष्मी के दूसरे स्वरूप को धनलक्ष्मी कहा जाता है। पुराणों में वर्णन मिलता है कि मां लक्ष्मी ने यह स्वरूप भगवान विष्णु को कुबेर के कर्ज से मुक्ति दिलाने के लिया था। ऐसे में देव के इस स्वरूप की आराधना से साधक को कर्ज से मुक्ति मिल सकती है। धान्यलक्ष्मी - मां लक्ष्मी के तीसरे स्वरूप का नाम धान्य लक्ष्मी है। जैसा कि नाम से ही ज्ञात होता है, मां लक्ष्मी का यह स्वरूप संसार में धान्य यानी अन्न के रूप में वास करती हैं। संतान लक्ष्मी - मां लक्ष्मी के चौथे स्वरूप को संतान लक्ष्मी कहा जाता है। देवी के इस रूप की आराधना से देवी भक्तों की रक्षा अपने संतान के रूप में करती हैं।

- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971






राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। विभिन्न मंदिरों से श्री बालाजी मंदिर पधारे भगवान का पूजन करते हुए राजगामी संपदा ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल , जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल , अशोक लोहिया , राठी जी एवम श्री बालाजी मंदिर से जुड़े भक्तगणों ने पूजन किया तत्पश्चात डोलो के रानीसागर पहुंचने पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने भगवान राधा कृष्ण को डोले से उतार कर नौका में ठाकुरजी को अपने गोद में बैठाकर स्वयं भी नौका विहार किया ।

# पुलिस की कार्यवाही से शराब कोचियों में मचा हड़कम्प




**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** दर्जन भर शराब कोचियों को पकड़ने में पुलिस को सफ्लता मिली है। पुलिस की कार्यवाही को देखकर कई मगरमच्छ भूमिगत हो गए है। बताया जाता है कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा एसपी व कलेक्टर को 13 सितम्बर को नाराजगी व्यक्त किया था जिसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देने लगा है। स्थानीय पुलिस के द्वारा 13 सितम्बर की देर शाम एक के बाद एक कई ठिकानो पर छापामारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस से मिले प्रेस नोट में बताया गया कि वरिष्ठ अधिकारी पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व श्रीमान पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असमाजिक तत्वों पर नजर रख रही है साथ ही क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु डोंगरगढ़ पुलिस मुहिम छेड़ दी है। इसी अभियान के तहत क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को रोकने हेतु 14 सितंबर 2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र के 10 आदतन शराब कोचियों के विरूद्ध धारा- 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र में लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध रूप से शराब रखने, बिक्री करने एवं पिलाने वालों व सट्टा लिखने वालों पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिससे शराब कोचियों, तस्करों एवं सटोरियों के उपर दहशत का माहौल बना हुआ हैं। प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये आदतन शराब कोचियों का नाम इस प्रकार है ईशनु टेम्भुरकर पिता प्रभुलाल टेम्भुरकर उम्र- 52 साल निवासी रविदास मंदिर के पास डोंगरगढ़, राजू साहू पिता ईश्वर साहू उम्र- 30 साल साकिन बुधवारी पारा वार्ड न0- 15, सहदेव गली डोंगरगढ़,बबलू साहू पिता स्व0 रमेश लाल साहू उम्र- 33 साल, बुधवारी पारा वार्ड न0- 15, कक्कड़ गली, डोगरगढ़, ताम्रज कुमार पिता पुनूराम गोंड़ उम्र- 32 साल निवासी ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़, बारेलाल पिता स्व0 रामप्रसाद सिन्हा उम्र- 53 साल साकिन ग्राम चिद्दो थाना डोंगरगढ़ जिला, जाकिर खान पिता जुम्मन खान उम्र- 30 साल साकिन बुधवारी पारा वार्ड क्र0- 15 डोंगरगढ़, राज कुमार पिता सहसराम कंवर उम्र- 35 साल साकिन देवकट्टा थाना डोंगरगढ़, जितेन्द्र ठाकुर पिता स्व0 अपराम ठाकुर उम्र- 36 साल साकिन बेलगांव थाना डोंगरगढ़, रोहित नेताम उर्फसोनू पिता स्व0 रमेश नेताम उम्र- 24 साल साकिन थाना चौक डोंगरगढ़, अवेक चौरसिया पिता मनोज चौरसिया उम्र- 36 साल साकिन खुंटापारा वार्ड न0- 01 डोंगरगढ़ । वहीं दूसरी ओर13 सितम्बर 2024 को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर *अमरदीप सिंह भाटिया पिता स्व0 सतपाल सिंह भाटिया उम्र- 35 साल साकिन बुधवारी पारा डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ0ग0) को ग्राम मुरमुंदा रेस्टोरेंट ढाबा के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी के कब्जे से 36 नग पौवा सुप्रीमो डीलक्स व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 6.480 बल्क लीटर किमती- 4680/-रू0 एवं बिक्री रकम 200/-रू0 जुमला किमती- 4880/-रू0 जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 34(2) आबकार एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। अवैध रूप से शराब बिक्री पर आगे भी कार्यवाही की जायेगी।

# इंजीनियर, सीएमओ ने शासन को लगाया लाखों का चूना

## मामला - पौनी पसारी निर्माण कार्य का



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** नपा प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा नपा को लाखों का चूना लगाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि वर्ष 2022-23 में वार्ड क्रमांक 11 में पौनी पसारी योजना के अंतर्गत 25.53 लाख की राशि की लागत से निर्माण कार्य कराया जाना था और इसके लिए बकायदा निविदा निकालकर टेंडर बुलाया गया था। टेंडर के बाद निजी भूमि के खसरा क्रमांक 593/2 रकबा 0.0360 नाम ऋतु बग्गा पति मनजीत सिंह बग्गा निवासी महेश नगर राजनांदगांव के नाम आबन्टीत है और इसी निजी भूमि को नपा के अधिकारी के द्वारा स्थल चयन कर इंजीनियर के द्वारा लेआउट देकर निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया और इस स्थल पर छज्जा लेबल तक निर्माण कार्य ठेकेदार के द्वारा करा दिया गया है इसकी भनक लगते ही निजी जमीन के मालिक के द्वारा 09/10/2023 को लिखित शिकायत थाने में करने के बाद मामला का उजागर होते ही कार्य को रोक दिया गया था। जितना निर्माण कार्य हुआ था उसके एवज में ठेकेदार को लगभग 07 लाख का भुगतान कर दिया गया है। अब यक्ष प्रश्न यह उठ रहा है कि नपा प्रशासन के द्वारा नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ का विशेष सम्मेलन 13 सितम्बर 2024 दिन शुक्रवार को आहूत की गई थी और वार्ड क्रमांक 11 में निर्माणाधीन पौनी पसारी योजना के स्थल परिवर्तन का विषय लाया गया था। नियमानुसार कोई भी निर्माण कार्य के लिए स्थल चयन किया जाता है। स्थल चयन के पश्चात कार्य आदेश देने से पहले बी-1, बी-2 खसरा कागज के साथ कार्य आदेश दिए जाते हैं परंतु निर्वतमान सीएमओ, इंजीनियर की गलती नपा प्रशासन को लगभग 07 लाखो रू से अधिक राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। विशेष सम्मेलन में शामिल पार्षदों के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि स्थल परिवर्तन के विषय वस्तु की जानकारी पहले नहीं दी गई और एकाएक उस विषय को बैठक में शामिल कर दिया गया। तो दूसरी ओर वर्तमान सीएमओ चंद्रकांत शर्मा से चर्चा करने पर बताया गया है कि 07 लाख का नपा प्रशासन को जो नुकसान हुआ है वह दस्तावेज अध्ययन करने के बाद यह सुनिश्चत किया जायेगा कि इसकी भरपाई किससे की जायेगी।

## ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में आज रक्तदान शिविर

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जश्ने ईदमिलादुन्नबी के उपलक्ष्य में आज मुस्लिम युवा संगठन एवं रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी यूनुस ब्लड ग्रुप के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से रक्तदान करते हुए जरूरतमंदों के लिए जीवन दान का संदेश दिया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी के उपलक्ष में आयोजित की जा रही इस रक्तदान शिविर के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों युवाओं के अलावा अन्य समाज के युवाओं ने भी रक्तदान करने अपना नाम लिखवाया है। दुनियां में अमन और शांति का पैगाम देने वाले पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जन्म दिवस के अवसर पर जाति, धर्म, मजहब से परे इंसानियत का धर्म निभाने रक्तदान देकर जीवन दान का संदेश देने के लिए युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। 15 सितंबर रविवार को मुसलिम जमात खाना जूनी हटरी में सुबाह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है।

## स्वच्छता को लेकर नाथूनवा गांव में स्कूली बच्चों ने रैली निकाली

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वच्छता अभियान को लेकर इस महाअभियान की शुरुआत 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाएगा हिंदी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम कर प्रथम दिवस पर शासकीय प्राथमिक शाला नाथूनवागांव के प्रधान पाठक डी. एल सिन्हा, शिक्षक नरेन्द्र कुमार साहू, वीणा सोनी, ग्राम सचिव मंगला नारंग एवं आम ग्रामीण जनों की उपस्थिति में बच्चों के साथ स्वच्छता ही सेवा है रैली निकाली गई द्य जिसमें आम ग्रामीण जनों को ' स्वच्छता ही सेवा है' का महत्व के प्रति जागरूकता लाया गया साथ ही साथ अपने घरों की साफ सफाई व आसपास को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया।



## पीठ परिषद आदित्यवाहिनी आनन्दवाहिनी की संभागीय बैठक आज



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वतीजी महाभाग द्वारा संस्थापित संगठन धर्मसंघ पीठ परिषद , आदित्यवाहिनी - आनन्दवाहिनी की दुर्ग संभाग की महत्वपूर्ण संभागीय बैठक 15 सितम्बर रविवार को दोपहर ढाई बजे भगवान लंगूरवीर मंदिर परिसर शनिचरी बाजार दुर्ग में आयोजित है। इस बैठक में आदित्यवाहिनी छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय महामंत्री विजय शर्मा,प्रदेशाध्यक्ष टीकाराम साहू,प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेशनंदन भैय्या,सहित प्रांतीय पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से ईश्वरी अभियान अखंड हिन्दू राष्ट्र भारत की स्थापना में गुरुजी का अनुसरण कर सहभागी बनने एवं आगामी दिनों में गुरुजी के छत्तीसगढ़ प्रवास पर चर्चा , मठ मंदिरों को केंद्र बनाकर चलाये जा रहे साप्ताहिक एवं मासिक प्रकल्प पर चर्चा , संगठन की आगामी योजना एवं प्रदेश कार्यकारिणी संबंधित चर्चा , संगठन विस्तार एवं योजनाओं में कार्य करने में आ रही बाधाओं पर चर्चा और संगठन विस्तार की दृष्टिकोण से प्रत्येक जिले में प्रवास एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों पर विस्तृत रूप से गहन चर्चा की जायेगी। इसके अलावा बैठक में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रसाद वितरण किया जायेगा।

## श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह संपन्न



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय छीरपानी धर्मशाला बड़ी मां बमलेश्वरी मंदिर प्रांगण में 6 सितंबर से चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन 13 सितंबर शुक्रवार को किया गया। कथा व्यास आचार्य प्रभाकर पांडेय ने 7 दिनों तक अखिल ब्रह्मांड नायक आनंदकंद भगवान श्रीकृष्ण की जीवन लीला भागवत कथा को जनमानस को श्रवण कराया। प्रथम दिन 6 सितंबर शुक्रवार को कलश यात्रा निकाली गई जो सुबह 10 बजे जयस्तंभ चौक स्थित शिव मंदिर से प्रारंभ होकर छिरपानी प्रांगण पहुंची। तत्पश्चात पंडितों द्वारा वेदीपूजन किया गया भूषडिया परिवार के उमाशंकर व अशोक अग्रवाल ने पूजन अर्चन कर भागवत भगवान की बेदी की स्थापना की। तत्पश्चात 7 सितंबर शनिवार को आचार्य प्रभाकर पांडेय ने सृष्टि वर्णन वराह तथा कपिल मुनि अवतार की कथा सुनाई । दूसरे दिन सती चरित्र ध्रुव चरित्र तथा जड़ भरत की कथा के प्रसंग में उपस्थित लोगों ने नए-नए प्रसंग को सुनकर आनंद उठाया। तीसरे दिन 9 सितंबर सोमवार को प्रहलाद चरित्र वामन अवतार व कृष्ण जन्मोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से किया गया।

# खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से महका लक्ष्मी नगर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत दिनों लक्ष्मी नगर गणेश उत्सव समिति राजनांदगांव के द्वारा खुमान साव संगीत अकादमी राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत संस्था द्वारा छत्तीसगढ़ी संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति हुई। उक्त संस्थान के संस्थापक / लोकसंगीतकार गोविंद साव सहित संस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं नवोदित कलाकारों के द्वारा लोकगीत, लोक नृत्य एवं प्रहसन की बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। उक्त कार्यक्रम में श्री लोमन हिरवानी अधिवक्ता, गुणेंद्र साव अधिवक्ता, नरेश साहू अधिवक्ता,मुन्ना साहू ठेकेदार, सहदेव पटेल ,शिव पटेल,टेकलाल यादव, सूरज साहू, गोलू भाई, हरि पटेल, बृजलाल साहू , मकसूदन साहू अपेक्स बैंक सुपरवाइजर ,प्रवीण साव,भगवती गंभीर बांसुरी वादक व श्रीमती कान्ति मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति से मंच उत्साहित रहा। समस्त कॉलोनी वासियों द्वारा प्रतिवर्ष गणेश पर्व बेहद धूमधाम से मनाया जाता है इसी श्रृंखला में छत्तीसगढ़ी लोक संगीत के संरक्षण व संवर्धन के दिशा में सतत प्रयासरत लोक संस्थान खुमान साव संगीत अकादमी की प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा मंत्र मुग्ध हुए वहीं नवोदित कलाकारों के जज्बे व श्रम को लोगों ने सराहा। देर रात्रि तक चले कार्यक्रम में लोक संगीत की स्वर लहरियों से कॉलोनी गुंजित व आह्लादित था।उक्त कार्यक्रम का संचालन कवि रोशन साहू मोखला , हिमाचल साहू एवं खुमान साव संगीत अकादमी के संरक्षक मुरली शरण दास वैष्णव ने किया । उपरोक्त जानकारी कमलेश यादव ' सत्यदर्शन लाइव' ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com